विश्वविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तकनीकी व्याख्यान सत्र का आयोजन

पन्तनगर। 5 मई 2025। विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विभाग में तीसरे और चौथे वर्ष के यूजी, स्नातकोत्तर और पीएचडी विद्यार्थियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 'असंगठित टेक्सटाइल सेक्टर के लिए गुणवत्ता और पर्यावरण पर विभिन्न प्रकार के मानक जागरूकता एवं वस्त्र परीक्षण और गुणवत्ता के मानकों में नवीनतम विकास' विषय पर तकनीकी व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने में बीआईएस मानकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। चेयर प्रोफेसर डा. एस.बी. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह व्याख्यान बीआईएस के व्याख्यानमाला श्रृंखला के अंर्तगत आयोजित किए जा रहे हैं। यह व्याख्यानमाला की श्रृंखला पन्तनगर विश्वविद्यालय और बीआईएस के बीच एमओयू का हिस्सा है। बीआईएस के वैज्ञानिक श्री तनिष्क अवस्थी, वैज्ञानिक/सहायक निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो एवं श्री अमित पांडे, वैज्ञानिक/सहायक निदेशक, कपड़ा विभाग, भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली ने असंगठित टेक्सटाइल सेक्टर संबंधित विभिन्न प्रकार के मानक जागरूकता, वस्त्र परीक्षण, गुणवत्ता और पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परिधान एवं वस्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. मनीषा गहलोत, डा. अनीता शर्मा, डा. साक्षी ने तकनीकी व्याख्यान आयोजित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त इस तकनीकी व्याख्यान सत्र में डा. नीतू डोभाल, डा. शेफाली मैसी एवं अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।